**सीएम डॉ यादव आज बड़ौदा में**

# किसानों को करेंगे मुआवजा का वितरण

**सिंगल क्लिक के माध्यम से 3 लाख किसानों के खातो में पहुंचेगी 238 करोड़ से अधिक की राशि**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 27 नवंबर को श्योपुर जिले के तहसील बडौदा मुख्यालय पर पुलिस थाने के समीप ग्रांउड में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर सहित 6 जिलो के किसानों को फसल क्षति मुआवजा राशि का वितरण करेंगे, सिंगल क्लिक के माध्यम से 3 लाख 5 हजार 410 प्रभावित किसानों के बैंक खातों में 238 करोड 78 लाख रूपये की राशि अंतरित की जायेगी। इसके अंतर्गत श्योपुर, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, धार, खण्डवा जिलों की 23 तहसीलों के 2 हजार 148 ग्रामों के किसानों को अतिवृष्टि, बाढ तथा पीला मौजेक कीट व्याधी से हुई फसल क्षति का मुआवजा प्राप्त होगा। श्योपुर जिले के 1 लाख 3 हजार 78 धान की फसल प्रभावित किसानों को 100 करोड 83 लाख रूपये की राशि प्रदाय की जायेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिवृष्टि एवं बाढ के चलते श्योपुर जिले के 428 ग्रामों के 1 लाख 3 हजार 78 किसानों को धान की फसल में हुए नुकसान के लिए 100 करोड 83 लाख रूपये की मुआवजा राशि का वितरण किया जायेगा, इसके साथ ही हरदा जिले के 95 हजार 989 किसानों को सोयाबीन फसल में हुए नुकसान के लिए 71 करोड 52 लाख, विदिशा जिले के 51 हजार 830 किसानों को सोयाबीन, उडद फसल में हुए नुकसान के लिए 29 करोड 15 लाख, नर्मदापुरम जिले के 22 हजार 779 किसानों को सोयाबीन फसल में हुए नुकसान के लिए 19 करोड 84 लाख, धार जिले के 19 हजार 173 किसानों को सोयाबीन एवं मक्का की फसल में हुए नुकसान के लिए 10 करोड 31 लाख रूपये की मुआवजा राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की जायेगी। इसी प्रकार खण्डवा जिले के 12 हजार 961 किसानों को सोयाबीन फसल में पीला मौजेक कीट व्याधी से हुई क्षति के लिए 7 करोड 13 लाख रूपये की मुआवजा राशि प्रदाय की जायेगी।

**लोकार्पण एवं शिलान्यास**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बडौदा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जायेगा। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 2 करोड 75 लाख रूपये की लागत से सेसईपुरा में निर्मित आदिवासी बालक आश्रम का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही 14 करोड 80 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले नर्सिग कॉलेज भवन, 14 करोड 95 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 96 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले बागवानी और खाद प्रसंस्करण ज्ञान प्रसार केन्द्र, ग्राम लहरौनी में 2 करोड 61 लाख, ग्राम बलावनी में 2 करोड 53 लाख एवं डाबीपुरा में 2 करोड 49 लाख की लागत से बनने वाले नवीन 33/11 केव्ही विधुत उपकेन्द्रों के निर्माण के लिए शिलान्यास किया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओ में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।

## सीईओ जिला पंचायत ने लिया तैयारियों का जायजा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 27 नवंबर को बडौदा में आयोजित प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के लिए राहत राशि वितरण एवं किसान संवाद कार्यक्रम की विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सभास्थल, हेलीपेड स्थल एवं वाहनों हेतु निर्धारित की गई पार्किग की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बी.एस. श्रीवास्तव, एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एस.एस.भटनागर आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



## एसआईआर में 82 .85 प्रतिशत कार्य पूर्ण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा के नेतृत्व में जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म का वितरण कर उन्हें भरवाने तथा भरे हुए फार्मो को प्राप्त कर बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटलाईजेशन कर ऑनलाइन करने का कार्य किया जा रहा है। जिले में अभी तक 82.85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शत प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए निरंतर रूप से मॉनीटरिंग की जा रही है। जिले में 40 बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा द्वारा उक्त कार्य की सघन निगरानी के लिए जिले में 65 बीएलओं सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है, जो अपने-अपने आवंटित क्षेत्र में बीएलओं को फील्ड में जाकर मार्गदर्शन कर प्रतिदिन की प्रगति का जायजा ले रहे है। इसके साथ ही संबंधित तहसीलदारों द्वारा भी फील्ड भ्रमण कर एसआईआर कार्य का जायजा लिया जा रहा है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रो में वार्ड प्रभारी बनाये गये है ।

# जैव विविधता क्विज में सांदीपनि विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सामान्य वन मंडल द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज का आयोजन संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ-साथ गत दिवस श्योपुर जिले में भी किया गया। सामान्य वन मंडल के तत्वाधान में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय श्योपुर में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय श्योपुर की टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और उन्होंने जैव विविधता प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ गत दिवस सामान्य वन मंडल के वन मंडलाधिकारी केएस रंधा द्वारा किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में 47 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय संदीपनी स्कूल श्योपुर ने प्रथम, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर ने द्वितीय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमसर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सांदीपनि विद्यालय श्योपुर की टीम में विद्यार्थी नैतिक त्रिपाठी, पीयूष शिवहरे, वैशाली पारेता शामिल रहें, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली शासकीय उत्कृष्ट हायरसेकंडरी स्कूल श्योपुर की टीम में विद्यार्थी तरुण नामा, प्राची राजौरिया एवं चेतना गुर्जर शामिल रहें। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल प्रेमसर की टीम में विद्यार्थी गोविंद राठौर, अल्फेज अली एवं विष्णु सुमन शामिल रहें। कार्यक्रम के समापन समारोह में विजेता टीमों को मेडल, प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी भेंट की गई। समापन सत्र में वनमण्डल अधिकारी सामान्य वन मंडल श्योपुर के एस रंधा प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय श्योपुर एसडीओ संजीव सिंह, रेंजर राघवेंद्र सिंह समन्वय अधिकारी सुशील कुमार दुबे, दिनेश जाटव, मूल्यांकनकर्ता संजीव माहौर, श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती स्नेहलता अग्रवाल एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं मार्गदर्शी शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

**विजेता टीम का विद्यालय में हुआ स्वागत**

जैव विविधता क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सांदीपनि विद्यालय की टीम में शामिल विद्यार्थियों का आज स्कूल में स्वागत किया गया। प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल ने इस अवसर पर विजेता टीम को शुभकामनाएं दी तथा स्टॉफद्वारा माल्यार्पण कर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। टीम में कक्षा 12वी के छात्र नैतिक त्रिपाठी, कक्षा 11वी क छात्र पियूष शिवहरे और कक्षा 10वी की छात्रा वैशाली पारेता शामिल रहें।

**नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला का भ्रमण कार्यक्रम**

**श्योपुर, 26 नवंबर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला आज 26 नंवबर की शाम 7 बजे सेसईपुरा स्थित कूनो रिसोर्ट पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

# राष्ट्रीय जेण्डर कैम्पेन के शुभारंभ पर हुआ कार्यक्रम, मिला प्रशस्ति पत्र



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** म.प्र. शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय जेण्डर कैम्पेन के मध्यप्रदेश में शुभारंभ अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक अधिकार केन्द्र श्योपुर एवं कराहल को बेहतर कार्यो के लिए प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित लोक अधिकार केन्द्र श्योपुर एवं कराहल को नई चेतना-पहल बदलाव की अभियान अंतर्गत हक व अधिकार एवं महिला हिंसा से जुडे प्रकरणों के प्रभावी निराकरण में उत्कृष्ट कार्यो, संवेदनशील एवं समयबद्ध प्रयासों से जेण्डर न्याय की स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे कार्यो के लिए सम्मानित किया गया है। लोक अधिकार केन्द्र श्योपुर की ओर से समता समन्वयक श्रीमती उर्मिला गुर्जर एवं समता सखी श्रीमती शीतल बैरवा तथा लोक अधिकार केन्द्र कराहल की ओर से समता समन्वयक श्रीमती शैफाली राठौर एवं समता सखी श्रीमती कमली पटेलिया को प्रशस्ती पत्र भेंट किये गये। अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती दीपाली रस्तोगी एवं एनआरएलएम की सीईओ श्रीमती हर्षिका सिंह की ओर से हस्ताक्षरित प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में एनआरएलएम द्वारा श्योपुर और कराहल में लोक अधिकार केन्द्रों का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, इसके अंतर्गत प्रत्येक केन्द्र पर एक समता समन्वयक तथा 5 समता सखी कार्य कर रही है। इनके द्वारा ग्रामों में एनआरएलएम अंतर्गत होने वाली ग्राम संगठन की बैठको में भाग लिया जाता है और स्वसहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दो पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही सामुदायिक गतिविधियों तथा जनसुविधाओं को बढाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

डीपीएम एनआरएलएम सोहन कृष्ण मुदगल ने बताया कि लोक अधिकार केन्द्र कराहल का संचालन जनपद पंचायत कराहल में तथा श्योपुर केन्द्र का संचालन जनपद पंचायत कार्यालय श्योपुर के पास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि लोक अधिकार केन्द्रों के माध्यम से पोषण आहार अनुदान योजना, विभिन्न सामाजिक पेंशन योजनाएं, आवास योजना, पीडीएस के तहत खाद्यान आदि जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सहयोग प्रदान किया जा रहा है, इसके साथ ही पेनकार्ड, आधारकार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि बनाने के कार्य में मार्गदर्शन और सहयोग दिया जा रहा है। इसके साथ ही घरेलू हिंसा के मामलों में महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने का कार्य भी किया जा रहा है। महिला हिंसा से संबंधित 115 मामलों का निराकरण कराया गया है। उन्होने बताया कि लोक अधिकार केन्द्र श्योपुर द्वारा 9 हजार 118 प्राप्त आवेदनों में से 8 हजार 921 का निराकरण कराया गया है। लोक अधिकार केन्द्र कराहल द्वारा प्राप्त 8 हजार 306 आवेदनो में से 8 हजार 102 का निराकरण कराया गया है। लोक अधिकार केन्द्र विभिन्न विभागो से समन्वय कर जनसुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है।

## सेवादल प्रदेश अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल हुए

**सागर.** मध्यप्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष अवनीश भार्गव के पदभार ग्रहण समारोह संविधान दिवस पर आयोजित किया गया. जिला शहर सेवादल सम्मिलित हुआ. कार्यक्रम में इंदिरा गांधी भवन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से अंबेडकर प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला गया जिसमें जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने ध्वज धारक की भूमिका अदा की. इस दौरान विजय साहू, कल्लू पटेल, प्रीतम यादव, नितिन पचौरी, लल्ला यादव, प्रवीण यादव, पार्षद सीमा चौधरी संजय रोहित उपस्थित रहे.

## हार्टिकल्चर कलस्टर विकास कार्यक्रम में प्रविष्टियां आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन एवं वितरण को प्रोत्साहित कर किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से हॉर्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत मल्टी कमोडिटी हाई वैल्यू क्लस्टर व पैरी अर्बन क्लस्टर की पहचान व विकास का प्रावधान किया गया है, इस योजना में उद्यान की फसले जैसे टमाटर, प्याज, आलू, लहसुन, धनिया, नीबू वर्गीय, अमरुद इत्यादि तथा वैकल्पिक फसले जैसे सुरजना एवं चुकंदर आदि को चयनित किया गया है। इसके अंतर्गत एफपीओ (कृषि उत्पादन संगठन) एफपीसी (फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी) सहकारी समितिया संगठन और पार्टनरशिप फर्म आदि कलस्टर निर्माण की क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र है।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि इच्छुक फर्म जिनका वार्षिक फर्म गेट मूल्य 100 करोड रुपए तक हो तथा परियोजना लागत का 20 प्रतिशत स्वयं वहन करना होगा। इसके लिए पात्र संस्थाओं से प्रविष्टियों आमंत्रित की गई है। फसल कलस्टर विकसित करने का संशोधित दृष्टिकोण उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन उत्तम कृषि पद्धतियों (जीएपी) को अपनाने और बाजार आधारित उत्त्पादन को बढावा देने हेतु नवीन तकनीकियों जैसे विभिन्न आपूर्ति मुद्दों से निपटने में भी मदद करेगा। साथ ही निर्यात बाजारों के लिए स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों (एसपीएस) और व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) पर सूचना साझा करने में अंतर को दूर करने में मदद करेगा। इस योजना के लाभ के लिए जिले के उपरोक्तानुसार सक्षम संस्थाए कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला श्योपुर में कार्यालय समय में संपर्क कर सकते है।

## पीड़ित अधिवक्ता आमरण अनशन पर

**ललितपुर.** जिला मुख्यालय परिसर में अधिवक्ता शेरसिंह यादव द्वारा प्रशासनिक निष्क्रियता और लगातार हो रहे उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया गया है. उन्होंने राष्ट्रपति को प्रार्थना पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति भी मांगी है. थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवगढ़ निवासी अधिवक्ता शेरसिंह यादव ने आरोप लगाया है कि जमा उनकी और अन्य ग्रामीणों की रकम वापस न मिलने की आड़ में उनके ही परिजनों द्वारा उनकी कृषि भूमि जबरन कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संविधान की प्रस्तावना का किया गया सामूहिक वाचन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर कपिल मेहता की अध्यक्षता में आज न्यायालय परिसर श्योपुर में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में कपिल मेहता द्वारा उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण, जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण, न्यायालयीन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारीगण को संविधान दिवस के अवसर पर बधाई प्रेषित करते हुये भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर सामुहिक रूप से भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कपिल मेहता, ललित मुदगल, अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, लीलाधर सोलंकी विशेष न्यायाधीश, संजय गोयल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्रीमती बबीता होरा शर्मा, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सुश्री संध्या मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमोघ अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री ऋचा भट्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री पूर्वी राय न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी, परवेज आलम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अधिवक्तागण, न्यायालयीन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी तारतम्य में तहसील विधिक सेवा समिति विजयपुर की उपजेल में भी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, उक्त शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार द्वारा बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के तहत नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधी प्रावधानों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया साथ ही माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सोहन सिंह बनाम मध्यप्रदेश राज्य में पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।

# जिला स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में संविधान को अंगीकृत करने के महत्व को देखते हुए 26 नवंबर को 2025 को देशभर में मनाये जा रहे संविधान दिवस के क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड, तहसील मुख्यालयों एवं विभिन्न कार्यालयों में किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा संविधान उद्देशिका का सामुहिक वाचन किया गया। जिला स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम के क्रम में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सामुहिक रूप से संविधान उद्देशिका का वाचन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

**संविधान उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया**

**संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित :** संविधान दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत श्योपुर के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, सीईओ जनपद एसएस भटनागर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भारत के संविधान उद्देशिका का वाचन किया गया, इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया तथा संविधान पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण भी किया गया।

## युवक का शव मिला

**शाहगढ़.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ के पास एक सागौन के पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला है. मृतक की पहचान 35 वर्षीय गनपत लोधी, निवासी अदावन के रूप में हुई है.मिली जानकारी अनुसार गनपत लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी अदावन बीते दो दिन पहले ट्रेक्टर लेकर बगाज माता गया रास्ते में आते वक्त एक महिला की टैक्टर से गिरकर मौत हो गई थी, जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ लाया गया था. डर के कारण गनपत लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ से भाग खड़े हुए ।

# कन्या छात्रावास में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 नवंबर।** जन शिक्षण संस्थान श्योपुर द्वारा शासकीय अनुसुचित जाति जिला स्तरीय उत्कृष्ट सीनियर कन्या छात्रावास बायपास रोड़ श्योपुर में संविधान दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी केलाश पाराशर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संविधान दिवस के बारे मे जानकारी देते हुए समानता का अधिकारो से अवगत कराया गया।

महात्मा गांधी सेवा आश्रम क प्रबंधक जय सिंह जादौन ने कहा कि हमारे देश ने 26 नवम्बर 1949 को अपनाया था स्वतंत्रता मिलने के बाद देश को चलाने के लिए एक मजबूत व्यवस्था की जरूरत थी। जिसे तैयार करने का जिम्मा संविधान सभा का दिया गया 02 वर्ष 11 महिने 18 दिनो की निरंतर मेहनत के बाद जब यह संविधान तैयार हुआ तब यह दिन इतिहास मे अमर हो गया।

कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षण संस्थान श्योपुर के निदेशक अजय सक्सैना, कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमति मिथलेश मीणा, श्रीमती ज्योति रानी गोड़, श्रीमती नीतू सिकरवार आदि उपस्थित रहें।

## सागर के रहली में प्रदर्शनी- प्रश्न मंच आयोजित,डॉ गौर के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

**नवभारत न्यूज**
**रहली 26 नवम्बर. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस और गौर जयंती मनायी गई.**

कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ मनोज जैन ने सर्व प्रथम संविधान की आवश्यकता, महत्व और उसकी विकास यात्रा के साथ- साथ डॉ गौर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. आत्माराम दुबे ने संविधान के कुछ विशिष्ट बातों पर सदन का ध्यानाकर्षण कराया. अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सत्य प्रकाश ने संविधान दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी एवं प्रश्न मंच रोचकता प्रदान की. अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने डॉ अम्बेडकर और संविधान पर अनेक महत्वपूर्ण जानकारीयों द्वारा छात्र छात्राओं को उनके अनुपालन के प्रति जागरूक किया. संचालन डॉ पवन शर्मा मौजूद रहे.

## निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर आवश्यक

**नवभारत न्यूज**
**सागर 26 नवम्बर.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा संभागीय कार्यालय में संयुक्त बैठक में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत करने में जुटें.

उन्होने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय भी एसआईआर हुआ था. निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर आवश्यक है. श्री खंडेलवाल ने कोर ग्रुप की बैठक में निर्देश दिए. श्री खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता और सरकार के बीच की कड़ी बनकर कार्य करें. कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें, पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं की चिंता स्वयं कर रहा है, कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें. संगठन कार्यकर्ताओं को समय-समय पर कार्य करने का अवसर अवश्य देता है. भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, यहां न तो कोई छोटा होता है और न ही बड़ा. श्री खंडेलवाल ने मीसाबंदी व उनके परिवार जनों से भेंट की वहीं योगाचार्य विष्णु आर्य के निवास पहुंचकर सम्मान किया. गौर की जयंती पर डॉ. हरिसिंह गौर विवि पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया. बैठक को प्रदेश महामंत्री व संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे एवं जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया. बैठक के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, नंदिता पाठक, वीरेन्द्र सिंह लोधी, महापौर संगीता तिवारी आदि मौजूद थे.

## वायु गुणवत्ता बनाए रखने कार्य-योजना प्रस्तुत करें

**नवभारत न्यूज**
**सागर 26 नवम्बर. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख 7 नगरों में उच्च वायु गुणवत्ता स्तर बनाए रखने के लिए मौजूद समय के साथ ही दीर्घकालीन कार्ययोजना 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करने के निर्देश पर्यावरण संरक्षण और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं.**

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि राष्ट्रीय क्लीन एयर प्रोग्राम के मापदंडो के अनुरूप दिल्ली जैसे महानगरों में प्रदूषण के स्तर को कम कर वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किए जाने वाले उपायों को केंद्र में रखकर प्रमुख विभागों का एक एक्सपर्ट ग्रुप बनाएं और लघु तथा दीर्घ कालीन कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए. मुख्य सचिव ने पराली जलाने की घटनाओं को भविष्य में भी रोकने के प्लान के अलावा वाहनों, निर्माण कार्यों और कचरे आदि में आग लगाने जैसी प्रवृत्तियों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पृथक-पृथक एक्शन प्लान बनाने के लिए कहा है. उन्होंने कहा कि सड़कों की धूल रोकने के लिए उनकी मरम्मत आदि करने के साथ गुणवत्ता बनाए रखने पर ध्यान दें.